# कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
## उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०,
## तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार,
## 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

CIN: U32201UP1999SGC024928

दूरभाष : 0522–2288656 E-Mail-cehydelpcl@gmail.com

संख्या : 236 / अनु0–05 / कार्यकारी सहायक / सीधी भर्ती दिनांक : 15 / 03 / 2024

**कार्यालय ज्ञाप**

सचिव, विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ के पत्रांक–94 / विसेआ / 09–2022 / EA, दिनांक 07.02.2024 द्वारा उपलब्ध कराये गये कुल 03 कार्यकारी सहायक के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध वेतन मैट्रिक्स लेवल–04 में वेतनमान रू0 27200–86100 एवं अन्य भत्ते उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में लागू नियमानुसार देय होंगे। साथ ही निम्न प्रतिबन्धों एवं सेवा शर्तो के अधीन एतद्द्वारा नियुक्ति हेतु उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ–7 में अंकित डिस्काम / ट्रांस्को में निम्नवत् आवंटित किया जाता है :–

| SL. NO. | ROLL NO. | NAME | FATHER NAME | D.O.B | SELECTED AS | ALLOTED DISCOM |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 41171220216 | SHIVANI DWIVEDI | SRI HARI OM DWIVEDI | 06/12/1996 | UR | PVVNL |
| 2 | 81141140445 | HIMANSHU GUPTA | SRI RAM BILAS GUPTA | 14/08/1991 | UR | TRANSCO |
| 3 | 61201290062 | JITENDRA BAJPAI | SRI RAM SHANKAR BAJPAI | 05/05/1997 | DFF-UR | PVVNL |

1. सचिव, विद्युत सेवा आयोग के पत्रांक–94 / विसेआ / 09–2022 / EA, दि० 07.02.2024 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में **नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व नियुक्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर लें कि : (क) आवेदन पत्र पर लगी फोटो, हस्ताक्षर, प्रवेश पत्र पर लगे फोटो, हस्ताक्षर आदि आपस में मेल खाते हैं। (ख) संगत सेवा विनियम में निहित प्राविधानों का अनुपालन तथा अभ्यर्थियों के अभिलेखों की मूल प्रमाण पत्रों से जॉच अपने स्तर पर कराना समीचीन होगा। (ग) अभ्यर्थियों द्वारा संलग्न प्रमाण पत्रों की सम्बन्धित संस्था से प्रमाणिकता की जॉच नियुक्ति अधिकारी अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।**

2. मण्डल / खण्ड संवर्ग के कार्यकारी सहायक की सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति आदेश, सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता द्वारा निर्गत किये जायेगे। वितरण निगम के मुख्य अभियन्ता कार्यालय में कार्यकारी सहायक (मुख्य अभियन्ता संवर्ग) की सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति आदेश सम्बन्धित निगम के मुख्य अभियन्ता (मानव संसाधन) द्वारा निर्गत किये जायेगे। मुख्य अभियन्ता स्तरीय कारपोरेट कार्यालयों, जहाँ पर मुख्य अभियन्ता संवर्ग के कार्यकारी सहायक के पद स्वीकृत है, में कार्यकारी सहायक के नियुक्ति अधिकारी मुख्य अभियन्ता (हाइडिल) है। अतः उनके नियुक्ति आदेश मुख्य अभियन्ता (हाइडिल) द्वारा निर्गत किये जायेगे।

......2

3. अभ्यर्थियों की नियुक्तियां उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की लिपिकीय अधिष्ठान (मुख्य अभियन्ता के कार्यालयों एवं अन्य अधीनस्थ कार्यालयों) की यथा प्रभावी विनियमावली, 1970 (अद्यतन संशोधित) की सेवा शर्तो से आवरित रहेंगी। चयनित अभ्यर्थियों की परिवीक्षा अवधि दो वर्ष की होगी। इस अवधि में अभ्यर्थियों का कार्य एवं व्यवहार सन्तोषजनक न पाए जाने पर उनकी सेवाये समाप्त की जा सकती है।
4. उपर्युक्त अभ्यर्थियो की ज्येष्ठता उनके द्वारा उनके तैनाती कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त संगत विनियमों के अनुसार अवधारित की जायेगी।
5. नवनियुक्त कार्यकारी सहायक के पदधारियों को भविष्य में निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 माह के प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य होगा।
6. उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 615–पेएवंआर–28/पाकालि/2008–8 काविनी/2001,दिनांक 22.02.2002 एवं तत्सम्बन्धी सपठित आदेशों के अनुसार अंशदायी भविष्य निधि योजना एवं तत्सम्बन्धी प्राविधान लागू होगें।
7. नियुक्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के आदेश संख्या–1051–का0वि0नी0 एवं वे0प्र0–29/पा0का0लि0, दिनांक–16.09.2020 एवं आदेश सं०–1416–का०वि०नी० एवं वे०प्र०–29/पाकालि 2023–4–काविनी/2020 टी० सी०, दि०–12.02.2024 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड तथा उसकी सहयोगी वितरण कम्पनियों के समस्त संवर्गों में प्रथम सीधी भर्ती के पद पर नियुक्त होने वाले कार्मिकों की नियुक्ति से संबन्धित निर्धारित सेवा शर्तों में बाण्ड मनी/सेवा अनुबंध–पत्र के अनुसार निर्धारित बाण्ड मनी कारपोरेशन में जमा करानी होगी।

<u>मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)</u>

*<u>संख्या : 236/(1)–अनु0–5/तद्दिनांक</u>*

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उनके निगम को आवंटित अभ्यर्थियों की विद्युत सेवा आयोग से प्राप्त समस्त अभिलेखों सहित मूल पत्रावली इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया अपने नियंत्रणाधीन मण्डलों के अधीक्षण अभियन्ता को उनके मण्डलों में कार्यकारी सहायक के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध उपरोक्तानुसार नियुक्ति पत्र शीघ्रातिशीघ्र निर्गत करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें एवं यह भी सुनिश्चित कर ले कि वे अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों आदि का, कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व मूल अभिलेखों से मिलान अवश्य कर लें :–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ को ट्रांस्को हेतु आवंटित अभ्यर्थियों की **01 नग** मूल पत्रावलियों सहित।
2. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को उनके डिस्काम हेतु आवंटित अभ्यर्थियों की **02 नग** मूल पत्रावलियों सहित।

**<u>संलग्नक : यथोपरि।</u>**

(सूरज पाल)
वैयक्तिक सहायक–तृतीय
<u>कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)</u>

संख्या : 236 / (2)–अनु0–5 / तद्दिनांक : 15.03.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निजी सचिव, निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 पा0का0लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ।
5. सचिव, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, गोमती नगर, लखनऊ को उनके पत्र सं0–94 / विसेआ / 09–2022 / EA, दि० 07.02.2024 के संदर्भ में।
6. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0 पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया इसे उ0प्र0 पाकालि की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने का कष्ट करें।

15/3/24

(सूरज पाल)
वैयक्तिक सहायक–तृतीय
कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)